## महत्वपूर्ण एवं खास

### दुर्ग बायपास में भीषण सड़क हादसा, एक की मौत

**भिलाई-रायपुर (आरएनएस)।** दुर्ग बाईपास में शुक्रवार देर शाम एक बड़ा हादसा हो गया। महाराष्ट्र के बीड़ से गाड़ी में पुरी जा रहा एक परिवार के 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं चालक अभिमान सार राव प्रभाले की मौके पर ही मौत हो गई। मोहन नगर पुलिस ने सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया है। मोहन नगर थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय ने बताया कि घटना शुक्रवार देर शाम की है। महाराष्ट्र के बीड़ जिले से एक परिवार फोर्स गाड़ी में सवार होकर जगन्नाथपुरी दर्शन करने जा रहा था। जैसे ही वो लोग दुर्ग बाइक पास के पहुंचे उनकी गाड़ी सामने चल रहे ट्रक के पीछे जा घुसी। एसयूवी गाड़ी के चालक ने इतनी रफ्तार में ट्रक को ओवरटेक किया कि ट्रक से टकराते ही उसके परखच्चे उड़ गए। पूरे बाईपास पर चीख पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे किसी राहगीर ने इसकी जानकारी डायल 112 में दी। सूचना मिलते ही वहां एंबुलेंस और पुलिस पहुंची। पुलिस ने मौके से भीड़ को हटाया। इसके बाद सबसे पहले घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। फिर गाड़ी में फंसे ड्राइवर के शव को बहर निकाला गया। हाईवे क्लीयर करने के लिए क्रेन बुलवाई गई और दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी और ट्रक को सड़क से हटाया गया।

### तेज रफ्तार ट्रेलर के मकान में घुसने से सो रहे ग्रामीण की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर एक मकान में जा घुसा। घटना में घर में सो रहे एक वृद्ध की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़ कर भाग गया। पसान थाना के कोरबी पुलिस चैकी अंतर्गत यह घटना गुरुवार-शुक्रवार की रात 3.30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि बीते रात्रि पाली-कटमीपारा निवासी नान साय अघरिया 54 वर्ष अपने घर में सो रहा था। तभी एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीके 0344 उसके घर में जा घुसा। घर में अफरा-तफरी मच गई। घटना में नान साय को गंभीर रूप से चोट लगी और उसकी स्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही चैकी प्रभारी अफसर हुसैन अपने सहयोगियों के साथ स्थल पर पहुंचे और वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोड़ी उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि ट्रेलर की रफ्तार काफी तेज थी और वाहन चालक से अनियंत्रित हो गया। दीवार तोड़ते हुए सीधे घर में जा घुसा। ग्रामीणों का कहना है कि चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं, कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। बावजूद गति पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वाहनों की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, तेंदुए की खाल के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नबरंगपुर वनमंडल के वाइल्डलाइफ स्क्वाड,उदंती-सीतानदी की एन्टी पोचिंग टीम एवं डी.आर.आई ओडिशा की संयुक्त टीम ने तेंदुए की खाल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों से 1 नग मोटर सायकल,3 नग मोबाइल भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार वाइल्डलाइफ जस्टिस कमीशन इंडिया से प्राप्त छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा (उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के इको सेंसिटिव जोन से लगा हुआ क्षेत्र) में तस्करी की सूचना मिली।इसके तहत 22 नवंबर 2024 को एंटीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व नबरंगपुर वनमंडल एवं डी.आर.आई रायपुर के साथ संयुक्त टीम गठित कर उमरकोट परिक्षेत्र के करका सेक्शन के उदयपुर-हाथिवेना मार्ग पर तेंदुआ की खाल के साथ चमरा गोंड पिता रघु, खेदराम पिता कुमार हरिजन,मंगलदास पिता लोकनाथ हरिजन को मौके से पकड़ा गया।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने तेंदुआ खाल को 1 वर्ष पूर्व का बताया एवं अन्य आरोपियों के भी शामिल होने की बात बताई।तेंदुआ खाल की सर से पूँछ तक की कुल लम्बाई 195 सेंटीमीटर थी एवं प्रथम दृष्टया जहर देकर शिकार करना पाया गया।आरोपियों से 1 नग मोटर सायकल,3 नग मोबाइल भी जप्त किये गयेतीनो आरोपियों को विस्तृत पूछताछ के लिए रायघर परिक्षेत्र कार्यालय(जिला नबरंगपुर) लाया गया एवं प्रकरण क्रमांक 131 छद्म 2024-25 दर्ज किया गया। प्रकरण में फरार छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर सक्रीय अन्य तस्करों/ आरोपियों एवं वन्यप्राणी अवयवों की तलाश जारी है।

### कोरबा-चांपा मार्ग में हुए हादसे में कार के उड़े परखच्चे-दो युवक घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा-चांपा मार्ग पर ग्राम मड़वारानी के निकट एक हादसा घटित हुआ है। कार में सवार होकर कोरबा की तरफ आ रहे दो युवक इस हादसे में घायल हुए हैं। एक युवक की पहचान प्रिंस जायसवाल पिता दुर्गा प्रसाद जायसवाल निवासी पुरानी बस्ती के रूप में की गई है। बताया जा रहा है की रात्रि लगभग 10 बजे हुए हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए हैं।

# डिलीवरी बॉय को लूटने वाले दो नाबालिग सहित तीन पकड़ाए

**रायपुर | आरएनएस**




राजधानी के गुढ़ियारी थानाक्षेत्र में एक डिलीवरी बॉय के साथ लूटपाट करने वाले एक आदतन बदमाश सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें दो नाबालिग भी शामिल है। आरोपियों ने पीड़ित युवक से मोबाइल फोन,पर्स सहित नगदी पैसे की लूट की थी।

मिली जानकारी के अनुसार भागीरथी साहू ने थाना गुढ़ियारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह कृष्णा नगर गली नंबर 05 रायपुर रहता है तथा जोमेटो में डिलीवरी का काम करता है। प्रार्थी दिनांक 22.11.24 की रात्रि काम कर घर वापस अपने घर जा रहा था, इसी दौरान उसके मोटर सायकल का पेट्रोल खत्म होने से अपने मोटर सायकल को धकेलते ले जा रहा था इसी दौरान रात्रि करीबन 02:30 बजे रामनगर अंडरब्रीज पास उसके पीछे से एक सफेद रंग की स्कूटी में सवार 03 लड़के आये और प्रार्थी को रोककर 02 लड़के उतरे जिसमें से एक लड़का प्रार्थी को तुम मुझे पहचानते हो क्या मेरा नाम गौस खान है, क्या-क्या रखा है निकाल कहते हुये तीनों प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच देते हुये उसके जेब में रखें पर्स जिसमें नगदी 1500/- रूपये, आधार कार्ड, पेन कार्ड व एटीएम कार्ड था तथा मोबाइल एवं मोटर सायकल में लगा चाबी को लूट लिये तथा सब्जी काटने की चाकू से उसके बायें गाल में वार कर तीनों स्कूटी वाहन में बैठकर फरार हो गये, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में अपराध क्रमांक 694/24 धारा 309(4) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गुढ़ियारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रार्थी से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर प्रकरण में मुखबीर लगाये गये। आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये गये दोपहिया वाहन के संबंध में भी पतासाजी कर आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त थाना आजाद चौक के हिस्ट्रीशीटर कैश उर्फ गौस खान उम्र 21 साल निवासी तुर्की तालाब पास ईदगाहभाठा थाना आजाद चौक रायपुर के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कैश उर्फ गौस खान की पतासाजी कर उसे पकड़ा गया। टीम के सदस्यों द्वारा कैश उर्फ गौस खान से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य 02 साथी जो विधि के साथ संघर्षरत बालक के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर प्रकरण में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत 02 बालकों की भी पतासाजी कर उन्हें पकड़ा गया। तीनों को गिरफ्तार उनके कब्जे से लूट की नगदी रकम 1500 रूपये, आधार कार्ड, पेन कार्ड, एटीएम कार्ड, मोबाईल फोन एवं मोटर सायकल का चाबी तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन तथा चाकू जप्त करने के साथ ही तीनों के कब्जे से लूट/चोरी की 03 अन्य मोबाईल फ ोन बरामद किया गया है, जिसमें संबंध में तीनों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। आरोपी कैश उर्फ गौस खान थाना आजाद चौक का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरूद्ध थाना आजाद चौक में मारपीट, तोड़फोड़, नकबजनी, चोरी, लूट, आबकारी एक्ट एवं आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामलों के लगभग 02 दर्जन अपराध दर्ज है, जिनमें आरोपी जेल निरूद्ध रह चुका है।

गिरफ्तार 01. कैश उर्फ गौस खान पिता रमजान खान।

## ईनामी चिटफण्ड एवं धन परिचालन स्कीम अधिनियम के तहत धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को किया गरिफ्तार

**गरियाबंद | आरएनएस**



ईनामी चिटफण्ड एवं धन परिचालन स्कीम अधिनियम के तहत धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गरिफ्तार किया गया।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार भूमिदेवकान एंव एग्रोटिक लिमिटेड द्वारा प्रार्थिया दिपा मलैया एवं आवेदिका के पति विष्णु विनोद मलैया के साथ धोखाधड़ी की सूचना पर वर्ष 2024 में थाना फिंगेश्वर में अपराध पंजीबद्ध करवाया गया था।प्रकरण में प्रार्थीगण के आवेदन अनुसार 5 मार्च 14 को भूमिदेवकान एंव एग्रोटिक लिमिटेड में पैसा डालने पर 6 वर्षो में पैसा डबल हो जायेगा की लालच देकर उक्त कंपनी के डारेक्टर द्वारा 5 मार्च 14 को 8 लाख रूपये जमा करवाया गया था।जो बाद में पता चला की वह कंपनी बंद हो चुका है।प्रकरण मे संचालक कंपनी आफ रजिस्टर बिलासपुर से भूमिदेवकान एंव एग्रोटिक लिमिटेड राजनांदगांव छ0ग0 के निदेशक शाखा प्रबंधक की जानकारी प्राप्त किया गया है जिसमे राधा विश्वकर्मा, लालचंद विश्वकर्मा,घासीराम विश्वकर्मा का नाम लिखित में प्रदाय किये है जो घटना दिनांक को उपरोक्त संचालक द्वारा संचालित किया गया है।जिसके विरूद्ध धारा 4,5 ईनामी चिट एंव धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम 1978 6,10 छग0 निक्षेपको के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत अपराध विवेचना दौरान जोडकर विवेचना में लिया गया था।प्रकरण में आरोपियो का पता तलाश दौराना पता चाला कि आरोपी लालचंद विश्वकर्मा पिता घासीराम विश्वकर्मा का वर्ष 2019 में मृत्यु गया है एंव अन्य आरोपी राधा विश्वकर्मा पति स्व0 लालचंद विश्वकर्मा उम्र 46 वर्ष तथा घासीराम विश्वकर्मा पिता स्व0 बृजलाल विश्वकर्मा उम्र 70 वर्ष निवासी लखौली थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव जिला राजनांदगांव छ0ग0 का प्राप्त सबूत के अधार पर विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिहासत में भेजा गया।

आरोपीगण को पूर्व में भी इसी प्रकार के अपराध में थाना बारद्वार,तत्कालीन जिला जांजगीर चाम्पा के प्रकरण में भी 3 वर्ष की सज़ा हो चुकी है।इस कार्यावाही में थाना फिंगेश्वर पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

## एयरपोर्ट कर्मचारी के सूने मकान मे चोरी

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर एयरपोर्ट के कर्मचारी के सूने मकान मे धावा बोलकर चोरों ने घर मे रखे नगदी सहित करीब तीन लाख रूपये का माल लेकर फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है जहां अमलीडीह रायपुर में अपने परिवार के साथ रहने वाले पुराणिक प्रसाद सोनवानी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि वह एयरपोर्ट अथॉरिटी में काम करता है। शुक्रवार की सुबह अपने घर के में गेट में ताला लगाकर ड्यूटी गया। उसकी पत्नी भी अपने ऑफिस चले गई। जब दोपहर को वापस घर लौटे तो अंदर के गेट का ताला टूटा हुआ था। सोनवानी ने कहा कि चोर बाउंड्री वॉल बांधकर घर के अंदर घुसा। फिर उसने घर के मेन गेट का ताला तोड़कर एंट्री की। कमरे के अंदर रखें अलमारी का भी ताला तोड़ दिया।

## किशोरी से दुष्कर्म का दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 25 वर्ष कारावास की सजा

**कोरबा | आरएनएस**

कोरबा-चांपा मार्ग में बसे उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरभाठा में शादी का झांसा देकर किशोरी से डेढ़ साल तक दुष्कर्म करने के आरोप में 7 माह के भीतर न्यायालय में सुनवाई पूरी हुई। उक्त सुनवाई में कथित आरोपी पर दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 25 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरभाठा में निवासरत ग्रामीण पर गांव की एक किशोरी से प्यार का इजहार करके शादी का झांसा देने का आरोप लगा। बताया जा रहा है की किशोरी उसकी बातों में आ गयी, फिर वह डेढ़ साल तक उससे दुष्कर्म करता रहा। जानकारी के अनुसार 31 मार्च 2024 को दुष्कर्म करने के बाद उसने शादी करने से इंकार कर दिया। तब पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजन को घटना की संपूर्ण जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार किशोरी के परिजन जब ग्रामीण के घर पहुंचे तो उसने वहां भी शादी करने से इंकार कर दिया। तब 1 अप्रैल 2024 को परिजन पीड़िता को लेकर उरगा थाना पहुंचे। जहां घटना की रिपोर्ट लिखाई गई। पुलिस ने मामले में दुष्कर्म व पॉक्सो अधिनियम का अपराध दर्ज किया। मामले की सुनवाई अपर सेशन न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी के विशेष न्यायालय में चली। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने न्यायालय में पुख्ता साक्ष्य रखते हुए पैरवी की। जिससे आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने 25 वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

## प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**बिलासपुर-रायपुर | आरएनएस**



शुक्रवार की देर रात एक प्लास्टिक फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। रिहायशी इलाके में फैक्ट्री के पास धुओं का गुबार और आग की लपटें देख घबराए लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद से दमकल की मदद से आग को काबू में किया गया। आशंका है कि बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगी होगी। सिटी कोतवाली और सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सीमावर्ती मोहल्ला मसानगंज स्थित सरजू बगीचा के पास रिहायशी इलाके में प्लास्टिक फैक्ट्री है। बताया जा रहा है कि रात करीब 2.30 बजे गार्ड ने फैक्ट्री में आग की लपटों के साथ धुओं का गुबार उठते देखा। उसने घटना की जानकारी आसपास के लोगों के साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम को दी। लेकिन, जब तक दमकल मौके पर पहुंची, तब तक आग ने भीषण रूप ले लिया था। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर आग लगी थी, वहां प्लास्टिक का कचरा फैला था। अचानक आग के साथ धुआं उठते दिखा। शुरूआत में लोगों को लगा कि कचरे के ढेर में आग लगी है। लेकिन, देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और आसमान धुआं-धुआं हो गया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने नगर सेना के आपदा प्रबंधन दल को सूचना दी। जिसके बाद दमकल मौके पर भेजा गया।

## रायपुर दक्षिण विस उपचुनाव में भाजपा की शानदार जीत

**❑ सुनील सोनी ने 46167 मतों से जीते**

**रायपुर | आरएनएस**



रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील सोनी ने शानदार 46167 वोटों से उपचुनाव की जीत का सेहरा अपने सिर पहन लिया है। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी की बड़ी जीत के बाद एकात्म परिसर में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कार्यकर्ताओं के थिरक उठे। रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी बड़ी जीत की ओर जा रहे हैं। इसके बाद उत्साहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकात्म परिसर पहुंचे, और जमकर आतिशबाजी की। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पार्टी दफ्तर पहुंचे, और मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने ढोल धमाकों के बीच उनका स्वागत किया। जायसवाल चुनाव प्रभारी भी थे और वो कार्यकर्ताओं के साथ भांगड़ा किया। जायसवाल के साथ रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू भी थे। इसके बाद सुनील सोनी पहुंचे, तो कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने जयश्री राम के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्टी के कई विधायक भी थे। अंतिम परिणाम का परिणाम इस तरह से रहा बीजेपी- 89220, कांग्रेस- 43053। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी 46167 मतों से विजयी।

## रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**❑ गढ़वा रोड-बिलासपुर-गढ़वा रोड के मध्य चलाई जा रही है परीक्षा स्पेशल ट्रेन**

**रायपुर | आरएनएस**



रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गढ़वा रोड-बिलासपुर-गढ़वा रोड के मध्य गाड़ी संख्या 03696/03695 परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। दिनांक 24 एवं 27 नवम्बर 2024 (रविवार व बुधवार) को गाड़ी संख्या 03696 गढ़वा रोड-बिलासपुर परीक्षा स्पेशल गढ़वा रोड से सुबह 06.00 बजे रवाना होकर 06.30 बजे डाल्टन गंज, 06.57 बजे बरवाडीह, 07.30 बजे लातेहार, 07.55 बजे टोरी, 08.19 बजे खलारी, 08.46 बजे पतरातू, 09.35 बजे बरकाकाना, 10.50 बजे मूरी, 13.30 बजे टाटानगर, 14.35 बजे चक्रधरपुर, 16.10 बजे राउरकेला, 19.20 बजे झारसुगुडा तथा 23.00 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार दिनांक 25 एवं 29 नवम्बर 2024 (सोमवार व शुक्रवार) को गाड़ी संख्या 03695 बिलासपुर-गढ़वा रोड परीक्षा स्पेशल बिलासपुर से 19.30 बजे रवाना होकर 23.10 बजे झारसुगुडा, दूसरे दिन 00.45 बजे राऊरकेला, 02.45 बजे चक्रधरपुर, 03.25 बजे टाटानगर, 05.20 बजे मूरी, 07.00 बजे बरकाकाना, 07.30 बजे पतरातू, 08.00 बजे खलारी, 08.30 बजे टोरी, 09.02 बजे लातेहार, 09.45 बजे बरवाडीह, 10.15 बजे डाल्टन गंज तथा 11.30 बजे गढ़वा रोड स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 एसएलआरडी तथा 14 जनरल कोच सहित कुल 16 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## नारायणपुर में 27.68 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

**❑ वनांचल के लोगों को उद्यानिकी और मत्स्य पालन से जोड़ें: वन मंत्री केदार कश्यप**

**रायपुर | आरएनएस**

नारायणपुर जिले में उद्यानिकी और मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज जिले में खनिज न्यास निधि की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि वनांचल में रहने वाले लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए खनिज न्यास निधि का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने अपने दौरे में नारायणपुर जिले में अधोसंरचना विकास के लिए 27.68 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि वनांचल में लोगों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने के लिए उद्यानिकी और मत्स्य पालन के विस्तार के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में लीची, केले, जिमीकंद, अदरक और हल्दी जैसे कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें।

उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि इमली की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग विशेष ध्यान दें। उन्होंने बताया कि प्रोसेड इमली की मांग दक्षिण भारत के राज्यों में अधिक है। प्रोसेड इमली के निर्यात से प्रोसेसिंग कार्य से जुड़े समूहों को अच्छा मूल्य मिल सकेगा।

उन्होंने नियद नेल्ला नार योजना की समीक्षा की और स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराये जाए। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए संचालित परीयना विद्यालय को बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU